राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

अभिभाषण के लिए राज्यपाल विधानसभा गये

विधानसभा में राज्यपाल का स्वागत

जयपुर, 24 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार को प्रातः 11 बजे पन्द्रहवीं राजस्थान विधान सभा के चतुर्थ सत्र में अभिभाषण के लिए विधानसभा पहुँचे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री श्री शांति धारीवाल, मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता और विधानसभा सचिव श्री प्रमिल कुमार माथुर ने विधानसभा पहुँचने पर राज्यपाल श्री मिश्र का स्वागत किया। विधानसभा के मुख्य द्वार पर राज्यपाल श्री मिश्र को आरएसी की बटालियन ने राष्ट्रीय सलामी दी।

राज्यपाल श्री मिश्र को अभिभाषण के लिए सदन में प्रोसेशन में ले जाया गया। विधानसभा जाने से पहले राज भवन में भी राज्यपाल श्री मिश्र को राष्ट्रीय सलामी दी गई।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूरा अभिभाषण पढ़ा – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को शुक्रवार को पन्द्रहवीं विधानसभा के चतुर्थ सत्र में अभिभाषण के लिए प्रोसेशन में सदन में ले जाया गया। राज्यपाल श्री मिश्र ने पैंतालीस मिनिट में पूरा अभिभाषण पढ़ा। राज्यपाल ने 11 बजे अभिभाषण पढ़ना शुरू किया और 11.45 बजे तक अभिभाषण पूरा किया।

राज्यपाल श्री मिश्र की संवेदना

जयपुर, 24 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन के जनजातीय प्रकोष्ठ में निदेशक व विशिष्ठ सचिव के पद पर कार्यरत श्री शलभ कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री शलभ कुमार की आत्मा की शांति के लिए राजभवन में राज्यपाल श्री मिश्र सहित राजभवन के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने स्व. श्री कुमार के यहां मानसरोवर स्थित निवास पर जाकर स्व. श्री कुमार के पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्वांजलि दी। राज्यपाल श्री मिश्र ने स्व. कुमार के परिवारजन को ढांढस बधाया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है।

राज्यपाल श्री मिश्र शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह और एमिटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शनिवार को प्रातः 10:30 बजे ओटीएस में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और दोपहर 2 बजे आयोजित एमिटी विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह के भी मुख्य अतिथि होंगे।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क) राज्यपाल